तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **अभिषेक दहिया** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353233949636147	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
27/11/25	अपीलार्थी अभिषेक दहिया निवारी ग्राम सोहिला, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर शहर–प्रथम जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 02.10.2025 सोयला में सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग 62 (पुराना एनएच–65) के चौड़ाई के लिए खसरा संख्या 405 नाम मधुराम दर्जी पुत्र रामचंन्द्र दर्जी की जमीन का अधिग्रहण (अवाप्त रकबा 0.0025), जिसका मुवाझा 370327.91 रूपये है, जिसकी अवार्ड संख्या 58/4 है, 2018 से मुवाझा नहीं दिया जा रहा है, इसके संबंध में संपूर्ण जानकारी की सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर शहर–प्रथम जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर अपीलार्थी उपस्थित एवं रेस्पो. पक्ष (अपर जिला कलक्टर शहर–प्रथम जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 1166 दिनांक 03.11.2025 द्वारा अवगत करवाया की प्रार्थी द्वारा सूचना अधिकार मे चाही गई सूचना अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) जोधपुर द्वारा पत्र दिनांक 28.10.2025 द्वारा प्रेषित की जा चुकी है तथा लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है। अतः लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर शहर–प्रथम जोधपुर) की तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर यह अपील खारित योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर Signature valid Digitally signed by Gaurav Agrawal Designation: Collector & District Magistrate Date: 2025.11.27 18:24:50 IST Reason: Approved	

RajKaj Ref No.:
19077908